# महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर

आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर-273007 (उ.प्र.)

# सेवा पथ

## मासिक ई-पत्रिका

वर्ष-2 अंक-17
दिसम्बर, 2024

University Email-mguniversitygkp@mgug.ac.in
NSS Email-coordinator.nss@mgug.ac.in
NCC Email-ncc@mgug.ac.in

## सम्पादक

## डॉ. अखिलेश कुमार दूबे

सहायक आचार्य (सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय)

कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना

## सह सम्पादक

## डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव

सहायक आचार्य (सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय)

एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर

### ग्राफिक्स एवं डिजाइन

### श्री शारदानन्द पाण्डेय

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## विश्वविद्यालय संगठन

कुलपति : डॉ. सुरिंदर सिंह

कुलसचिव : डॉ. प्रदीप कुमार राव

कार्यक्रम समन्वयक : डॉ. अखिलेश कुमार दूबे

| इकाई सं0 | इकाई कोड | इकाई का नाम | कार्यक्रम अधिकारी का |
|---|---|---|---|
| 1 | UP-80/001/24/001 | पारिजात इकाई | डॉ. आयुष कुमार पाठक |
| 2 | UP-80/002/24/101 | अष्टावक्र इकाई | श्री साध्वीनन्दन पाण्डेय |
| 3 | UP-80/003/24/201 | आर्यभट्ट इकाई | श्री धनन्जय पाण्डेय |
| 4 | UP-80/004/24/301 | माता सबरी इकाई | श्री अभिषेक कुमार सिंह |
| 5 | UP-80/005/24/401 | नचिकेता इकाई | कु. अभिनव सिंह राठोर |
| 6 | UP-80/006/24/501 | माता अनुसुइया इकाई | सुश्री सुमन यादव |
| 7 | UP-80/007/24/601 | गार्गी इकाई | सुश्री कविता साहनी |
| 8 | UP-80/008/24/701 | मैत्रेयी इकाई | गरिमा पाण्डेय |

# राष्ट्रीय कैडेट कोर

## 102 यू.पी. एन.सी.सी. बटालियन, गोरखपुर

एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर : डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर

MAHAYOGI GORAKHNATH UNIVERSITY GORAKHPUR

स्वस्ति पन्थामनुचरेम्

2021

# 'सेवा पथ'

**'सेवा पथ'** एक मासिक ई–पत्रिका है, जिसका प्रकाशन महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में संचालित **'राष्ट्रीय सेवा योजना'** एवं **'राष्ट्रीय कैडट कोर'** के द्वारा विश्वविद्यालय परिसर एवं विश्वविद्यालय के बाहर दिए जा रहे योगदान, सामाजिक सेवा, समाज के उत्थान हेतु किए जा रहे कार्यों इत्यादि का संकलन किया गया है। **'सेवा पथ'** मासिक ई–पत्रिका का **प्रथम संस्करण** माह **अगस्त 2023** में प्रकाशित किया गया था, जिसमें केवल **'राष्ट्रीय सेवा योजना'** द्वारा किए गए सामाजिक कार्यो एवं क्रियाकलापों को संकलन किया गया था। किन्तु आगे की कड़ी में बढ़ते हुए इस माह की मासिक ई–पत्रिका के **'चतुर्थ संस्करण'** में राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ–साथ राष्ट्रीय कैडट कोर की इकाई के द्वारा किए जा रहे गतिविधियों को भी शामिल किया गया है।

इस मासिक ई–पत्रिका का नाम **'सेवा पथ'** शब्द सामाजिक सेवा और सामाजिक उत्कृष्टता की प्रवृत्ति की ओर केन्द्रित है। यह एक व्यक्ति या समूह का उद्दीपन करता है जो समाज में सेवा करने के लिए समर्पित है। **'सेवा पथ'** का आशय है कि व्यक्ति या समूह अपने कौशल, समर्पण की भावना से समाज की सेवा करें व दूसरों को भी सेवा करने के लिए उद्दीपित करता रहे। व्यक्ति या समूह जो सेवा पथ पर होता है, वे सामाजिक समस्याओं की पहचान करने के साथ–साथ समाधान ढूंढने और उन्हें सुलझाने में योगदान करता है। सामाजिक सेवा के माध्यम से, सेवा पथ से जुड़े व्यक्ति या समूह समृद्धि, समर्पण और सामाजिक न्याय की ओर प्रबल कदम बढ़ाता है।

इस तरह **'सेवा पथ'** एक मार्गदर्शक शब्द है जो सेवा और समृद्धि की दिशा में अग्रसर होने के लिए सभी को प्रेरित करता है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## विश्व एड्स दिवस : जागरूकता कार्यक्रम

## गार्गी इकाई : राष्ट्रीय सेवा योजना






विश्व एड्स दिवस पर गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करती नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं

**दिनांक : 01 दिसम्बर, 2024** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के गुरू श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की गार्गी इकाई के जीएनएम प्रथम वर्ष के स्वयंसेविकाओ ने कार्यक्रम अधिकारी सुश्री कविता साहनी के नेतृत्व में गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम कराया गया। जिसमें छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रेजेंटेशन तथा शपथ ग्रहण के माध्यम से सभी को जागरूक किया। 'छात्रों ने बताया कि एड्स क्या है इसकी घटना दर एवं जोखिम कारक क्या है' तथा एड्स फैलने के तरीकों के बारे में बताया कि यह कैसे फैलता है। इसके क्या लक्षण आज विश्व एड्स दिवस पर हम सभी एड्स से भारत को मुक्त करने के लिए सभी को शपथ दिलाया कि हम एड्स और एचआईवी संक्रमण को रोकने के लिए जागरूक रहेंगे और दूसरों को भी जागरूक करेंगे। एड्स के रोगियों के साथ समान व्यवहार करेंगे और उनका सहयोग देने के साथ एड्स के उन्मूलन के लिए समाज और सरकार के साथ मिलकर एड्स के इलाज और रोकथाम के लिए प्रयास करेंगे एड्स के खिलाफ इस लड़ाई में अपना योगदान देंगे और समाज को इस बीमारी से मुक्त करने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर आंशी पटेल, आरती चौरसिया, आकांक्षा विश्वकर्मा, अमिता, अमृता शहानी, अनामिका निषाद, अनन्या, अनी चौधरी, अंजली राय, अंजली सिंह 2, आंशिक तिवारी, अनुपमा सिंह, अनुशिका राय, अर्पिता तिवारी, आरुषि चौरसिया, गीतांजली, गूंजा चौरसिया, हर्षिता, ज्योति विश्वकर्मा, काजल, काजल आर्या, कल्पना प्रजापति, खुशबू प्रजापति, खुशी राही, कुमारी अनुपम त्रिपाठी, रितु भारती, रूपा पांडेय, सोनम शर्मा, यशुंधरा मौर्या, कोमल पाल, कुमकुम कुमारी, महिमा मौर्या, माया प्रजापति, नंदनी कुमारी, नेहा अग्रहरी, निकारिका, रंजना चौधरी, रेहाना खातून, संस्कृति सिंह उपस्थित रहीं।

## मिशन शक्ति चरण-5 : अतिथि व्याख्यान

## राष्ट्रीय सेवा योजना






मिशन शक्ति चरण–5 के अंतर्गत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम

**दिनांक : 06 दिसम्बर, 2024** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंर्तगत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मिशन शक्ति चरण–5 के अंतर्गत छात्राओ को गुड टच एवं बेड टच के बारे में जागरूक करते हुए मिशन शक्ति की कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि बाजार, भीड़–भाड़ और सार्वजनिक वाहनों में सफर करते समय यदि कोई आपको गलत तरीके से छूता है या आपके साथ छेड़छाड़ करता है तो घबराए नहीं तुरंत उसका विरोध करे और आवश्यकता पड़ने पर महिला सुरक्षा की हेल्प लाइन की सहायता लेने से न हिचकिचाये।

कार्यक्रम में जी.एन.एम. प्रथम वर्ष के सभी छात्राएं उपस्थित थीं।

## मिशन शक्ति चरण-5 : जागरूकता कार्यक्रम



मिशन शक्ति चरण–5 के अंतर्गत आयोजित व्याख्यान

## राष्ट्रीय सेवा योजना

**दिनांक :** 07 दिसम्बर, 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मिशन शक्ति चरण–5 के अंतर्गत छात्राओं को रोजगार परक कौशल के बारे में जानकारी दी गई।

जिसमें उन्हें अपने संचार कौशल को कैसे विकसित किया जाए साथ ही कार्य क्षेत्र में शारीरिक भाषा कैसी हो के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हें अपने व्यक्तित्व में विकसित करने के तरीकों को मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी डॉ. इंदु चौधरी ने बताया।

कार्यक्रम में शिक्षिकाये एवं जी.एन.एम. द्वितीय वर्ष के सभी छात्राएं उपस्थित रहीं।

## मिशन शक्ति चरण-5 : जागरूकता कार्यक्रम

## राष्ट्रीय सेवा योजना



मिशन शक्ति चरण–5 के अंतर्गत आयोजित 'योग और महिला स्वास्थ्य' कार्यक्रम में छात्राओं को सम्बोधित करती हुई डॉ. इंदू चौधरी

**दिनांक :** 13 दिसम्बर, 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय में मिशन शक्ति चरण–5 के अंतर्गत :योग और महिला स्वास्थ्य– विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज की सभी शिक्षिकाये एवं जीएनएम प्रथम वर्ष की कुल 96 छात्राएं उपस्थित रही।

मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी डॉ. इंदु चौधरी ने छात्राओं को योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग भारतीय मनीषियों द्वारा दी गई एक ऐसी विधा है जिसमें संपूर्ण स्वास्थ्य के रहस्य छिपे है। इसे दैनिक जीवन में अपना कर महिलाए स्वयं को हर प्रकार से स्वस्थ रख सकती है। सूक्ष्म व्यायाम ऐसे व्यायाम है जिन्हे दैनिक कार्यों के साथ साथ आसानी से किया जा सकता है। डॉ. राधा विश्वकर्मा ने छात्राओं को प्राणायाम के लाभ बताते हुए कहा कि प्राणायाम से हमारे शरीर में ऑक्सीजन पर्याप्त मात्रा में पहुंचती है और हम ऊर्जावान रहते है। शिक्षिका प्रज्ञा मिश्रा ने छात्राओं को स्मृति बढ़ने वाले आसनों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार सहित अनेकों आसनों की जानकारी दी गई तथा प्राणायाम का अभ्यास भी कराया गया।

## राष्ट्रीय एकीकरण शिविर : प्रोत्साहन



राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते माननीय कुलपति

## राष्ट्रीय सेवा योजना

**दिनांक :** 14 दिसम्बर, 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय अंतर्गत गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज् आयुर्वेद कालेज अष्टावक्र इकाई के स्वयंसेवक बीएएमएस विद्यार्थी तनीषा वार्ष्णेय और आदित्य वार्ष्णेय जो राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय,युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एम.जे.पी. रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में 5 दिसम्बर से 11 दिसम्बर 2024 तक राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. (प्रो.) सुरिंदर सिंह, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव और विश्वविद्यालय एनएसएस समन्वयक डॉ. अखिलेश दूबे ने आशीर्वाद प्रदान किया।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी आचार्य साध्वी नन्दन पाण्डेय ने अवगत कराया कि विद्यार्थियों ने शिविर में नमामि गंगे, माई भारत के लिए युवा, डिजिटल साक्षरता आदि विषयों पर सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बौद्धिक सत्र, लोक गीत, रंगोली,भाषण, लोकनृत्य, वाद – विवाद, संभाषण आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया।

## स्वावलंबन अभियान

## राष्ट्रीय सेवा योजना







अनुसूइया इकाई के स्वयंसेविकाओ द्वारा निर्मित कागज का लिफाफा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति जी को सौंपा गया एवं स्वयंसेविकाओं के कार्य को सराहते माननीय कुलपति जी

**दिनांक : 20 दिसम्बर, 2024** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अनुसूइया इकाई के द्वारा स्वावलंबन अभियान के तहत स्वयंसेविकाओ ने कागज का लिफाफा निर्मित करने का कार्य प्रारम्भ किया गया। जिसे बनाकर सर्वप्रथम विश्वविद्यालय में संचालित गुरु गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज) के फार्मेसी में कुल 400 प्रति लिफाफा उपयोग के विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति जी को दिया गया। इस कार्य को देखकर माननीय कुलपति जी ने स्वयंसेविकाओं और कार्यक्रम अधिकारी के इस प्रयास की सराहना की। वहां मौजूद विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि विश्वविद्यालय यह लिफाफा पूर्व में जिन दामों पर अन्य फर्म से खरीददारी करते थें अब यह अपने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से लिया जाएगा और वहीं निर्धारित शुल्क इकाई के स्वयंसेवक को दिया जायेगा इससे वो आत्मनिर्भर बनेंगे और अपने आमदनी का नया स्त्रोत तैयार करेंगे।

इकाई अधिकारी इस काम को अपने देखरेख में कराएँगे एवं इसके माध्यम से परिसर भी प्लास्टिक मुक्त होने की तरफ अग्रसर होगा।

गुरु गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग की प्राचार्य डॉ. डी0 एस0 अजिथा अपने संकाय की संचालित इकाई के इस कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अन्य इकाई को कार्यक्रम अधिकारी सुमन से प्रेरणा लेकर इस प्रकार के कार्य करने चाहिए।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक अखिलेश कुमार दुबे ने अपने राष्ट्रीय सेवा योजना परिवार को नवीन कार्य प्रारम्भ करने के लिए बधाई दी।

इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सुमन यादव एवं लिफाफा बनाने वाले स्वयं सेविका बबली शर्मा, अदिति पांडे, अदिति यादव, आकांशा, अलका सिंह, अंबालिका प्रजापति, अंबालिका यादव, अनामिका निषाद, अंजली यादव, अंकिता यादव उपस्थित रहीं।

## मिशन शक्ति फेज 5 : विशेष व्याख्यान

## राष्ट्रीय सेवा योजना







'फार्मेसी में महिलाएं : रूढ़ियों को तोड़ते हुए, भविष्य को गढ़ते हुए' विषय पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करतीं सुश्री जुही तिवारी

**दिनांक : 21 दिसम्बर, 2024** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जहां फार्मेसी की छात्राओं को मिशन शक्ति फेज 5 के तहत 'फार्मेसी में महिलाएं : रूढ़ियों को तोड़ते हुए, भविष्य को गढ़ते हुए' विषय पर मार्गदर्शन दिया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में सुश्री जूही तिवारी रहीं। व्याख्यान में सुश्री पुजा जयसवाल, डॉ. अभिषेक कुमार सिंह, श्री प्रवीन कुमार सिंह, श्री दिलीप मिश्रा, श्री दिपक कुमार, श्री पियूष आनंद ने उपस्थिति दर्ज कराई।

व्याख्यान में सुश्री तिवारी ने फार्मेसी क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे महिलाएं इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और नई–नई खोजों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांति ला रही हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करें और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करें।

मिशन शक्ति फेज 5 के तहत आयोजित इस व्याख्यान का उद्देश्य छात्राओं को प्रेरित करना और उन्हें फार्मेसी क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के बारे में जागरूक करना था। इसमें फार्मेसी संकाय की श्वेता, अंजु, अंकिता, रूपा साधना पल्लवी आदि छात्राओं प्रतिभाग किया।

## राष्ट्रीय किसान दिवस

## राष्ट्रीय सेवा योजना



ग्रामीणों के साथ स्वयंसेवक

**दिनांक 23 दिसम्बर, 2024** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित कृषि संकाय में 'राष्ट्रीय किसान दिवस' के अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दुबे के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के निकट स्थित ग्रामीण क्षेत्र में 'किसानों से वार्तालाप व कृषि जागरूकता' कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

कार्यकम का नेतृत्व करते हुए स्नातक कृषि विज्ञान तृतीय वर्ष के छात्र व प्रतिनिधि अनिकेत मल्ल ने किसानों को कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचार से अवगत कराया और वर्तमान में चल रहे प्राकृतिक खेती व टिकाऊ खेती जैसे विषयों से अवगत कराया।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने किसानों से वार्तालाप कर उनकी समस्याओं को समझा व उनके निवारण हेतु सुझाव दिया साथ ही भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे 'राष्ट्रीय किसान दिवस' के अवसर पर कृषि संकाय द्वारा 20 गरीब किसानों को गोद लिया गया और यह प्रण लिया गया कि किसानों के विकास हेतु उन्हें समयानुसार कृषि संबंधित जानकारी व उपकरण प्रदान किया जाएगा ।

इस राष्ट्रीय किसान दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्नातक कृषि विज्ञान तृतीय वर्ष क सुमित सिंह, अनुभव पाण्डेय, वैष्णवी सिंह, आशुतोष सिंह, विकेक पटेल उपस्थित रहें।

## प्रकृति परीक्षणअभियान

## राष्ट्रीय सेवा योजना





प्रकृति परीक्षण करते हुए स्वयंसेवक एवं दीनदयान उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर में प्राध्यापक एवं विद्यार्थीगण

**दिनांक 24 दिसम्बर, 2024** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर अन्तर्गत गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज आयुर्वेद कॉलेज के चिकित्सकों और राष्ट्रीय सेवा योजना के अष्टावक्र इकाई के स्वयंसेवक बीएएमएस विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग द्वारा पूरे देश में अट्ठारह वर्ष से ऊपर सभी नागरिकों को आयुर्वेद से जोड़ने के लिए संचालित प्रकृति परीक्षण अभियान के अन्तर्गत, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखनाथ मंदिर काम्प्लेक्स, जल निगम नौका विहार, गोरखपुर शहर, गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस चिकित्सालय उल्लिखित स्थानों पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर नागरिकों का स्वास्थ्य परामर्श देते हुए प्रकृति परीक्षण करके ऑनलाइन प्रमाण–पत्र प्रदान किया। आयुर्वेदिक प्रकृति परीक्षण अभियान को प्रोत्साहित करते हुए गोरखपुर के माननीय सांसद श्री रविकिशन शुक्ल ने भी अपना प्रकृति परीक्षण करवाया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी आचार्य साध्वी नन्दन पाण्डेय ने अवगत कराया कि प्रकृति परीक्षण आयुर्वेद के मुताबिक, किसी व्यक्ति की मनो–शारीरिक स्थिति को वर्गीकृत करने की एक नियमावली के साथ एक युक्ति है। इस परीक्षण में, व्यक्ति की प्रकृति को जानने के लिए बारह प्रश्नों का जवाब देना होता है। इसके बाद, एक विशेषज्ञ कार्यकर्ता क्यूआर कोड स्कैन करके व्यक्ति का प्रकृति बताते हैं और स्वस्थ जीवनशैली के आयुर्वेद पद्धति के अनुसार परामर्श देते हैं। इस परीक्षण के बाद, व्यक्ति को एक ऑनलाइन कार्ड प्रदान किया जाता है। जिसमें वात–पित्त–कफ़ के प्रभाव से जुड़ी जानकारी होती है। साथ ही, रिपोर्ट में खान–पान, दिनचर्या और नींद लेने का सही समय जैसी जानकारी भी दी जाती है।

इस प्रकृति परीक्षण अभियान में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गिरिधर वेदांतम, डॉ. गोपीकृष्ण, डॉ. मिनी, डॉ. शान्तिभूषण, डॉ. वैशाख, डॉ. किरण रेड्डी, डॉ. संध्या पाठक, डॉ. विष्णु आदि सभी चिकित्सकए बीएएमएस विद्यार्थी और एनएसएस अष्टावक्र इकाई के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

## वृहद प्रकृति परीक्षण अभियान

## राष्ट्रीय सेवा योजना



स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए चिकित्सक

दिनांक 25 दिसम्बर, 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अष्टावक्र इकाई के बीएएमएस विद्यार्थीयों, स्वयंसेवकों और चिकित्सकों ने नागरिकों के वृहद प्रकृति परीक्षण अभियान का संचालन किया। आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गिरिधर वेदांतम ने कहा कि आज गोरखनाथ चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज रोड पर गिरिजाघर, नौका विहार, चिड़िया घर गोरखपुर, भौवापार गांव पर विभिन्न समूहों में एनएसएस स्वयंसेवकों, बीएएमएस विद्यार्थियों और चिकित्सकों ने नागरिकों का प्रकृति परीक्षण कर के स्वस्थ जीवनशैली हेतु आयुर्वेदिक परामर्श प्रदान किए। इस प्रकृति परीक्षण अभियान के अन्तर्गत विगत एक माह से विभिन्न गांवों, कस्बों जैसे मानीराम, सोनबरसा, बालापार, महुआतर चौराहा, गोरखपुर जनपद के विभिन्न चौराहों पर, विद्यालयों में निःशुल्क चिकित्सा और प्रकृति परीक्षण शिविर लगाया गया है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. शांति भूषण ने कहा कि प्रकृति परीक्षण आयुर्वेद में एक प्रमुख नैदानिक दृष्टिकोण है। जिसका उद्देश्य तीन दोषों–वात, पित्त और कफ के आधार पर किसी व्यक्ति के प्राकृतिक संविधान को समझना है। यह व्यक्तिगत मूल्यांकन आहार, जीवनशैली और उपचारों को शामिल करते हुए अनुकूलित स्वास्थ्य सेवा के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. साध्वी नन्दन पाण्डेय ने कहा कि व्यक्ति के शारीरिक वात पित्त, कफ में संतुलन बनाए रखने, बीमारियों को रोकने और समग्र कल्याण को बढ़ाने के लिए व्यक्ति के प्रकृति अनुसार आहार–विहार आवश्यक है। यह प्राचीन अभ्यास स्थायी जीवन के लिए व्यक्तिगत स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देता है। इस अभियान में आयुर्वेद कॉलेज के सभी चिकित्सकों एवं स्वयंसेवकों की भूमिका सराहनीय रही।

## मिशन शक्ति योजना : व्याख्यान

## राष्ट्रीय सेवा योजना



विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए डॉ. संदीप श्रीवास्तव

दिनांक 26 दिसम्बर, 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में मिशन शक्ति योजना द्वारा आयोजित व्याख्यान विषय रक्षा क्षेत्र में महिलाओं के रोजगार की संभावना विषय पर एनसीसी अधिकारी डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में महिलाओं के लिए अनंत स्वर्णिम द्वार खुले हुए हैं। आत्मस्वयं शक्ति, कुशल नेतृत्व और देश सेवा का संकल्प रक्षा क्षेत्र का मूल है। महिलाओं ने घर की चार दिवारी को लांघ कर अब रक्षा क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

व्याख्यान में कैडेट्स और विद्यार्थियों को सैन्य सेवा में रोजगार की संभावना पर प्रोत्साहित करते हुए डॉ. संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में महिलाओं की भूमिका एक समय तक सीमित थी, लेकिन पिछले कुछ दशकों में महिलाओं के लिए विभिन्न सैन्य सेवाओं में प्रवेश के अवसर बढ़े हैं। आज, महिलाएं भारतीय सैन्य बलों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं और उनकी भूमिका न केवल युद्धक गतिविधियों तक सीमित है, बल्कि वे रणनीतिक निर्णय लेने में भी शामिल हैं। भारतीय सेना में पहले महिलाओं की नियुक्त चिकित्सा सेवाए प्रशासनिक और सहायक कार्यों में होती थी।

1992 से भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को प्रशासनिक, चिकित्सा, कानूनी और इंजीनियरिंग शाखाओं में अफसर के तौर पर नियुक्त किया गया। 2020 में भारत सरकार ने महिलाओं को स्थायी कमीशन देकर अनंत स्वर्णिम अवसरों के द्वार खोल दिया है। आज भारतीय सेना में महिलाएं न केवल प्रशासनिक कार्यों में बल्कि युद्धक भूमिकाओं में भी कार्यरत हैं। भारतीय सेना में महिलाएं अब सेनाए वायुसेनाएं और नौसेना के अलावा भी विभिन्न महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। महिलाएं अब भारतीय सेना के प्रमुख अभियानों, युद्धों और संकटों में भी भाग ले रही हैं। सैन्य सेवाओं से महिलाओं को न केवल एक पेशेवर वातावरण देकर आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित करता हैं। भारतीय सेना में प्रतिष्ठित महिला अधिकारियों और सैनिकों ने सैन्य अभियानों में सम्मिलित होकर अपने शौर्य, अदम्य साहस से देश को गौरांवित किया है। रक्षा क्षेत्र में मेडिकल विंग्स, लॉ, प्रशासनिक, इंजीनियरिंग, आर्म्स और सर्विसेज, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, वायु सेना में लड़ाकू पायलट, नेवी पायलट के लिए स्वयं को तैयार कर सकती हैं। डॉ. संदीप ने वीर बाल दिवस की सभी विद्यार्थियों को शुभकामना दिया।

कार्यक्रम का संचालन अंडर आफिसर अंशिका सिंह ने किया। आयोजन में मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी डॉ. इंदु सिंह ने शुभकामना दिया। व्याख्यान में प्रमुख रूप से डॉ. अखिलेश दुबे, डॉ. प्रेरणा अदिति, डॉ. अंकिता दीक्षित, डॉ. शाश्वती प्रेम कुमारी, डॉ. प्रीति पाण्डेय, जूही तिवारी, डॉ. पूजा सरदार निगड़े ने छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कैडेट उजाला सिंह, अतीका तिवारी, अनुराधा, दुर्गावती, खुशी, रिशु कुमारी, सुप्रिया शर्मा, संजीवनी जायसवाल, रीमा गुप्ता, गुड़िया कुशवाहा, ममता भारती, रिशु सिंह, आयुषी गुप्ता, कशिश भारती, आशीष मिश्रा, रोहित सिंह, प्रीति प्रजापति, मेधा, अल्पना, रिया राय, सिद्धि, अदिति चौधरी, शीतल सिंह, सोनी शाही, निक्की, अंकिता कुमारी, कुमारी अर्पिता राय सहित संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय, कृषि संकाय, पैरामेडिकल विभाग, फार्मेशी, नर्सिंग और आयुर्वेद विभाग के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# मिशन शक्ति योजना : व्याख्यान

# राष्ट्रीय सेवा योजना






स्वतंत्रता में महिलाओं की भूमिका विषय पर आयोजित व्याख्यान में प्रतिभाग करती छात्रा




व्याख्यान में सम्बोधित करती छात्रा

दिनांक 31 दिसम्बर, 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में एक व्याख्यान सत्र आयोजित किया गया।

जिसमें स्वतंत्रता में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता मिस जुही तिवारी रहीं। इस व्याख्यान के दौरान फार्मेसी संकाय के फैकल्टी मिस पूजा जयसवाल, मिस नंदिनी जयसवाल, श्री पियूष आनंद, श्री दीपक कुमार एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिषेक कुमार सिंह भी उपस्थित रहें।

मिस जुही तिवारी ने अपने व्याख्यान में स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने घर–घर जाकर लोगों को जागरूक किया, धन संग्रह किया और कई बार तो सीधे तौर पर भी लड़ाई लड़ी। उन्होंने उदाहरण देते हुए रानी लक्ष्मीबाई, सरोजिनी नायडू, और अन्य महिला क्रांतिकारियों का जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के बलिदानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है और उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं में रूपांशी कुमारी, सिमरन, पल्लवि त्रिपाठी, मनीषा कुमारी एवं अनमिका पांडे ने भी स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में भाषण दिया।

छात्राओं ने अपने भाषणों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान को उजागर किया। उन्होंने उन महिलाओं के साहस और बलिदान को याद किया जिन्होंने देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी।

इस व्याख्यान सत्र ने छात्राओं को स्वतंत्रता की कहानी को बेहतर ढंग से समझने और स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना की राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागिता एवं अभियान

दिनाक–10.11.2024 से 19.11.2024 तक आयोजित युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना (उच्च शिक्षा विभाग) उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित प्री आर.डी से परेड–2025 बी आईण्टी पटना में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक स्वयसेवक उत्कर्ष सिंह ने प्रतिभाग किया।

दिनांक–05.12.2024 से 11.12.2024 तक युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना (उच्च शिक्षा विभाग) उत्तर प्रदेश द्वारा एम.पी. रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली में आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में एक स्वयंसेवक आदित्य वसेन एवं एक स्वयंसेविका तनिसा वसेन ने प्रतिभाग किया।

दिनांक–02 जनवरी 2025 से सत्र 2024–25 में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना (उच्च शिक्षा विभाग) उत्तर प्रदेश के द्वारा आयोजित छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम (Student Police Experiential Programme Internship) का द्वितीय चरण जनपद गोरखपुर में प्रारम्भ किया गया। जिसमें महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में कुल 50 राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें। छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम 2.0 क्रेडिट स्कोर का प्रशिक्षण कार्यक्रम यूजीसी द्वारा निर्धारित किया गया है।

दिनांक 20.12.2024 से राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा स्वावलंबन अभियान के तहत विश्वविद्यालय के स्वयंसेवको ने कागज का लिफाफा निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया। सवर्प्रथम विश्वविद्यालय में स्थापित चिकित्सालय की फार्मेसी में उपयोग के लिए माननीय कुलपति जी को देकर योजना को प्रारम्भ किया गया। इस योजना से स्वयसेवक को एक रोजगार का माध्यम उपलब्ध कराया जाएगा।

# राष्ट्रीय कैडेट कोर

## संस्थापक सप्ताह समारोह

## राष्ट्रीय कैडेट कोर






माननीय मुख्य नरेन्द्र सिंह तोमर जी के समक्ष प्रस्तुति देते महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स

**दिनांक : 04 दिसम्बर, 2024** को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92 वें स्थापना दिवस पर आयोजित शोभा यात्रा के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि कोई भी आध्यात्मिक संस्थाए पीठ या मठ सामान्यतः भक्ति योग की प्रेरणा देती है। परए गोरक्षपीठ एक ऐसी संस्था है जो भक्तियोग के साथ कर्मयोग में रत होकरए इसकी प्रेरणा देकर नागरिकों के जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है। इस परिप्रेक्ष्य में गोरक्षपीठ और इसकी संस्था महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद समूचे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने शिक्षा के सर्वांगीण विकास के लिए जो काम किया है वह अपने आप में अद्भुत है और निश्चित रूप से प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश के भविष्य के लिए योग्य नागरिकों की तालिका खड़ी करने की दूरदृष्टि से ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ ने एमपी शिक्षा परिषद के जिस बीज को रोपा और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ ने उससे निकले पौधे को सींचा, वह आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वट वृक्ष के रूप में खड़ा है। इसकी छाया में सारा पूर्वांचल आज महाराणा प्रताप अपने आप को गौरवान्वित कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सूझबूझ और अदम्य साहस, कठोर परिश्रम के कारण भारत की ख्याति दुनिया के मानचित्र पर तेजी के साथ स्थापित हो रही है। एक कालखंड था जब भारत को वैश्विक मंचों पर बहुत तजब्बों नही मिलती थी लेकिन आज हम गर्व के साथ कह सकते है कि कोई भी वैश्विक मंच पर दुनिया में नहीं है जिसका एजेंडा भारत की अनदेखी करने का साहस कर सके।

उन्होंने कहा कि एक समय वह भी आ गया था जब उत्तर प्रदेश में कोई आने को तैयार नहीं था। पर, योगी आदित्यनाथ ने जबसे मुख्यमंत्री के रूप में यहां कमान संभाली है तबसे यूपी का प्राचीन वैभव पुर्नस्थापित होने लगा है। कानून व्यवस्था की बात हो, निवेश लाने की, स्वास्थ्य क्षेत्र की सुदृढ़ता, गरीबी उन्मूलन या फिर राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने की, उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने हर दिशा में सफलतापूर्वक कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ से वह कई भूमिकाओं में मिलते रहे हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में उनकी अपनी जो साधना है वो तो प्रेरणादायी है ही, कर्मयोग के मार्ग पर चलते हुए एक राजनेता, सांसद व मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने जो काम किया है, उनकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि आज भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सूझबूझ और अदम्य साहस, कठोर परिश्रम के कारण भारत की ख्याति दुनिया के मानचित्र पर तेजी के साथ स्थापित हो रही है। एक कालखंड था जब भारत को वैश्विक मंचों पर बहुत तजब्बों नही मिलती थी लेकिन आज हम गर्व के साथ कह सकते है कि कोई भी वैश्विक मंच पर दुनिया में नहीं है जिसका एजेंडा भारत की अनदेखी करने का साहस कर सके।

92वें स्थापना दिवस पर यशस्वी माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय समाज में उत्कृष्ट शिक्षा, सेवा राष्ट्र प्रेम एवं सामाजिक परिवर्तन के उद्देश्यों को लेकर युगद्रष्टा ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने 1932 ई. में की थी। आज यह शैक्षिक पुर्नजागरण की संस्था एक विराट वृक्ष की भाँति अपने छाँव में 50 से अधिक शिक्षण प्रशिक्षण एवं चिकित्सा की संस्थाओं को संचालित कर रही है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद नव भारत निर्माण व राष्ट्र के लिए समर्थ युवा पीढ़ी के सूजन एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेगा । आगे उन्होंने यह भी कहा कि यहां के विद्यार्थी विकसित भारत के कर्णधार हैं। हम सभी को निरन्तर यह प्रयत्न करते रहना चाहिए कि विद्यार्थी देश व समाज के विकास में एक प्रबल स्तम्भ साबित हों। इस शिक्षण संस्थान के कुलगीत तथा हिन्दुआसूर्य महाराणा प्रताप जी के व्यक्तित्व से हम सभी को यह सीख मिलती है कि बाधांए कितना भी कठिन हो उससे घबड़ाकर कमी पीछे न हटें, बल्कि डटकर के सामना करें। साथ ही जीवन की विभिन्न चुनौतियांए पारिवारिक समस्याओंए समाज व राष्ट्र की समस्याओं के समाधान के लिए

निरन्तर लगे रहें। वस्तुतः किसी समाज और राष्ट्र का उत्थान और प्रगतिशीलता वहां की जनताए विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, शिक्षण संस्थानों के उत्कृष्ट चिन्तन और वैचारिकी से होती है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद समाज व राष्ट्र के बेहतर विकास में मील का पत्थर है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद भारतीय समाज के शैक्षिक विकास की धुरी है। नई शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्यवन में भी महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की भूमिका सराहनीय है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री, पूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों एवं जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन हमारे लिए अनुशासन का पर्व है। अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा इस आयोजन का प्राण है।

महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना इसलिए की थी कि शिक्षा के माध्यम से भारतीय समाज को और भी सशक्त बनाया जा सके। आज यह शिक्षा परिषद शिक्षा और समाज के आवश्यकताओं के अनुरूप अपनी संस्कृति और आदर्शों के साथ ज्ञान और विज्ञान के क्षेत्र में निरन्तर कार्य कर रही है। इसकी भूमिका सदैव समाज को मार्गदर्शन देती रहेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि अमृत काल में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। आत्मनिर्भर भारत ही विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करेगा। वास्तव में भारत की सम्पूर्ण आबादी पंचप्रण के लक्ष्यों के साथ जुड़ जाय तो, भारत विश्व के शीर्ष स्थिति पर सदैव बना रहेगा। हम भावी पीढ़ी को अनुशासन एवं शील का पाठ पढ़ाते रहेंगे तथा उनमें भारतीय संस्कृति की ज्ञान धारा प्रवाहित करते रहेंगे। आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत के प्रति पूरी दुनिया का विश्वास तेजी से बढ़ा है।

महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज परिसर में समारोह के विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार ने कहा कि दुनिया उसी का अनुसरण करती है जो खुद को उसके अनुरूप तैयार करने का माद्दा रखता है। जो स्वयं खड़ा नहीं हो सकता, वह दूसरों को खड़ा होने की प्रेरणा कैसे दे सकता है। पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत को खुद को उसी अनुरूप तैयार किया और परिणाम है कि आज भारत की दिशा के बिना दुनिया की दिशा की कल्पना नहीं की जा सकती है। दुनिया में मानवता के सामने जो चुनौती है, भारत उससे निपटने के विश्वास का प्रतीक बना है। जी–20 का समिट उसका प्रमाण है। आज दुनिया का कोई भी बड़ा आयोजन भारत के बिना नहीं होता है। आज देश विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। स्वागत संबोधन में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. यूपी सिंह ने परिषद की प्रगति यात्रा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के शुरुआत में मुख्य अतिथि ने महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के बलरामपुर हाल में लगी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। समारोह में महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह, गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह, मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर की कुलपति प्रो. शोभा गौड़, मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के कुलपति प्रो. रवि शंकर सिंह, गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, एमाएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के सभी पदाधिकारी व सदस्य, परिषद से जुड़ी शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों, शिक्षकों व विद्यार्थियों की सहभागिता रही। संचालन डॉ. श्री भगवान सिंह एवं आभार ज्ञापन एमपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अरुण सिंह ने किया।

भव्य शोभा में अखंड भारत के विविधता पर केंद्रित शोभा यात्रा दल ने पारंपरिक वेष भूषा में क्रमबद्ध तरीके से मंच के सम्मुख अतिथि की गार्ड ऑफ आनर देकर यात्रा में सम्मिलित हुए। इसी क्रम में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद से संबद्ध विद्यालयों के राष्ट्रीय कैडेट कोर के एन. सी. कैडेट्स द्वारा मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

समारोह का मुख्य आकर्षण शोभा यात्रा, राष्ट्रगीत के साथ प्रारम्भ हुई। शोभा यात्रा में अलग–अलग सस्थाओं की छात्र–छात्राएं अपने गणवेश में, राष्ट्रगीतों की धुन पर बजते बैंड, विविध झांकियों आकर्षण का केन्द्र रहीं। शोभा यात्रा में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय अरोग्यधाम बालापार के 102 यूपी बटालियन यूनिट एनसीसी



अधिकारी डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन और सीनियर अंडर ऑफिसर सागर जायसवाल के नेतृत्व में कैडेट्स ने गार्ड ऑफ आनर देकर शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए। शोभा यात्रा में एनसीसी परेड को कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव जी ने प्रसन्नता व्यक्त कर कैडेट्स को प्रोत्साहित किया। सीनियर अंडर आफिसर सागर जायसवाल, अंडर आफिसर अंशिका सिंह, सार्जेंट खुशी गुप्ता, सार्जेंट आदित्य विश्वकर्मा, कॉरपोरल अभिषेक चौरसिया, लांस कॉरपोरल पूजा सिंह, कैडेट चांदनी निषाद, खुशी यादव, अमृता कन्नौजिया, आंचल पाठक, संजना शर्मा, साक्षी प्रजापति, शालीनी चौहान, निकिता गौड, अनुष्का गुप्ता, सागर यादव, आशुतोष मणि त्रिपाठी, अनुभव, शिवम सिंह, अमित कुमार चौधरी, निलेश कुमार यादव, रघुवीर प्रताप सिंह, आलोक दीक्षित, अरुण विश्वकर्मा, अभिषेक मिश्रा, ज्ञानेश्वर प्रताप सिंह, शिखर पाण्डेय, आदित्य सिंह, अंजली सिंह, मनीष गुप्ता, विपिन कन्नौजिया, सूरज कुमार, रुद्र प्रताप सिंह, अनुराधा, पार्वती साहनी, उजाला सिंह, अतीका तिवारी, पिंकी यादव, काजल, काजल गौतम, गुड़िया, अर्पिता राय, वसुंधरा सिंह, रोशनी त्यागी, अनुप्रिया, ममता गुप्ता ने शोभा यात्रा में राष्ट्रीय कैडेट कोर दल का नेतृत्व किया।

## संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

## राष्ट्रीय कैडेट कोर





कैडेट्स को गोल्ड मेडल व ट्रैक शूट भेंट कर कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मान सिंह व अडम आफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा

**दिनांक : 06 दिसम्बर, 2024** को 102 यू पी बटालियन गोरखपुर बटालियन द्वारा महाराजगंज में संचालित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के समापन पर इंटर ग्रुप प्रतियोगिता शिविर गाजियाबाद में सम्मिलित कैडेट्स को गोल्ड मेडल और ट्रैक शूट भेंट कर कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मान सिंह और अडम आफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा जी ने सम्मानित किया।

राजपथ परेड से पूर्व प्रीआर डी सी शिविर गाजियाबाद और इंटर ग्रुप शिविर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के सीनियर अंडर आफिसर सागर जायसवाल, सार्जेंट खुशी गुप्ता, कैडेट् आशुतोष मणि त्रिपाठी और कृष्णा त्रिपाठी को शिविर में सम्मानित किया, साथ में भुनेश्वरी कुमारी इंटर कॉलेज कैडेट दीपाली यादव, राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सीनियर अंडर ऑफिस अविनाश, रामहर्ष इंटर कॉलेज महराजगंज के कैडेट विश्वमोहन धर दूबे और मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कैडेट आदर्श श्रीवास्तव को शिविर में सम्मानित किया गया।

कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मान सिंह ने शिविर में कैडेट्स को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि राजपथ परेड पर चलना हर कैडेट्स का सपना होता है। जिसके लिए कैडेट्स को कुशल नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सैन्य प्रशिक्षण और विविध प्रतियोगिताओं में स्वयं को साबित करना होता है। विपरीत परिस्थित में मिलने वाले चुनौती कमांडो ट्रेनिंग के समान होता है।

शिविर के वातावरण में ढलना और मिलने वाले आदेश को अनुशासन में तप कर ही कैडेट्स राजपथ पर चल पाते है। राजपथ परेड से पूर्व प्री आर डी सी शिविर में 102 यू पी बटालियन गोरखपुर के सात कैडेट्स ने गोरखपुर मुख्यालय दल का नेतृत्व किया ।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव, एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कैडेट्स को प्रोत्साहित करते हुए शुभकामना दिया।

शिविर के समापन समारोह में प्रमुख रूप से पी आई स्टाफ सूबेदार आर. के. राठी, जेसीओ सूबेदार धरेश माने, हवलदार रामबालक, संजय कुमार, पिंटू सिंह, ए.एन.ओ. सर्वजीत सिंह, हेमंत कुमार, सहित सभी ए.एन. ओ. और केयर टेकर आफिसर ने कैडेट्स की उपलब्धियों पर शुभकामना दिया।



## रैंक सेरेमनी

## राष्ट्रीय कैडेट कोर





रैंक सेरेमनी में डॉ. संदीप को कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मान सिंह ने लेफ्टिनेंट का रैंक पहनाया

**दिनांक : 29 दिसम्बर, 2024** को महायोगी गुरु गोरक्षनाथ विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव को एनसीसी 102 यूपी बटालियन गोरखपुर मुख्यालय में लेफ्टिनेंट के रैंक से नवाजा गया। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर में 102 यूपी बटालियन गोरखपुर में आयोजित रैंक सेरेमनी में डॉ. संदीप को कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मान सिंह ने लेफ्टिनेंट का रैंक पहना कर परंपरा को पूरा किया।

रैंक सेरेमनी में डॉ. संदीप के पिता बृज कुमार श्रीवास्तव (भूत पूर्व सैनिक) माता श्रीमती शकुंतला श्रीवास्तव ने रैंक पहनाने में सहयोग किया। रैंक सेरेमनी में लेफ्टीनेंट कर्नल अभिषेक मान सिंह ने डॉ. संदीप को शुभकामना देते हुए कहा कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कैडेट्स डॉ. संदीप के नेतृत्व में सैन्य प्रशिक्षण ग्रहण कर स्वयं को राष्ट्र सेवा के लिए तैयार कर रहे है। लेफ्टीनेंट रैंक मिलने से जिम्मेदारी और कर्तव्य निष्ठा का भाव जागृत होगा। पूर्ण विश्वास है लेफ्टिनेंट डॉ. संदीप श्रीवास्तव राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रगति में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह ने एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर डॉ. संदीप को लेफ्टिनेंट रैंक मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि निश्चय ही यह पल गौरवान्वित होने का है। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय कैडेट कोर की इकाई लेफ्टीनेंट डॉ. संदीप श्रीवास्तव के निर्देशन में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

रैंक सेरेमनी में कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव, प्राचार्या डॉ. डी.एस. अजीथा, डॉ. गिरधर, अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह, डॉ. विमल कुमार दुबे, डॉ. शशिकांत सिंह, डॉ. रोहित श्रीवास्तव, उपकुलसचिव श्रीकान्त, श्रीमती ऋतु श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षकों ने शुभकामना दिया।

डॉ. संदीप को कला और संस्कृति के संवर्द्धन हेतु राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ उत्तर प्रदेश संस्कृति मंत्रालय द्वारा नामित सदस्य मनोनीत किया गया है साथ ही बताते चलें कि डॉ. संदीप श्रीवास्तव इसके अलावा दीप्तिमान संस्कृति फाउंडेशन फ़ॉर आर्ट कल्चर एन्ड हेरिटेज के संस्थापक मुख्य ट्रस्टी और गोरखपुर लिटरेरी फेस्टिवल के आयोजन समिति के सदस्य भी हैं। उन्हें ललित कलाओं के क्षेत्र में योगदान के लिए विविध सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है और वे हेरिटेज फोटोग्राफी के क्षेत्र में वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर हैं।

अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता, धर्मपत्नी, गुरुजनों, मित्रों और एनसीसी कैडेट्स को समर्पित किया है।



# महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर

आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर उत्तर प्रदेश-२७३००७

प्रकाशक

## राष्ट्रीय सेवा योजना

एवं

## राष्ट्रीय कैडेट कोर



coordinator.nss@mgug.ac.in, mguniversitygkp@mgug.ac.in www.mgug.ac.in